प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 26 फरवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल महोदय ने अरगोड़ा, रांची में 'नमो ई-लाइब्रेरी सह साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर' का उद्घाटन किया।

माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज अरगोड़ा, रांची में 'नमो ई-लाइब्रेरी' सह 'साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर' के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए राँची की जनता के लिए एक ऐतिहासिक पहल बताया और इस महत्वपूर्ण स्थापना के लिए अपनी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

माननीय राज्यपाल ने कहा कि यह केंद्र 'विकसित भारत@2047' के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने इस उल्लेखनीय पहल के लिए माननीय केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ जी और साइबरपीस फाउंडेशन की सराहना की।

माननीय राज्यपाल ने 'नमो ई-लाइब्रेरी' को ज्ञान का भव्य द्वार बताते हुए कहा कि यह केवल एक पुस्तकालय नहीं, बल्कि डिजिटल शिक्षा और शोध का

एक अत्याधुनिक केंद्र है। उन्होंने अपने संसदीय क्षेत्र में 2005 में पुस्तकालय की स्थापना का उल्लेख करते हुए कहा कि बेहतर होगा कि इस केंद्र के लिए एक उपयुक्त व पृथक स्थान तलाश कर इसे और विस्तार दिया जाए, ताकि अधिक से अधिक बच्चे इससे लाभान्वित हो सकें। साथ ही, इसके संचालन को सुचारु बनाए रखने के लिए समाज से निरंतर सुझाव लिए जाएँ।

राज्यपाल महोदय ने साइबरपीस कम्युनिटी सेंटर की सराहना करते हुए कहा कि यह केंद्र तकनीकी सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनेगा। आशा है कि इस प्रकार के पहल झारखंड को साइबर सुरक्षा, तकनीकी शिक्षा और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उक्त अवसर पर राजयपाल महोदय ने वहाँ स्थापित 'बुक बैंक' का भी अवलोकन किया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा सदस्य श्री बाबूलाल मरांडी ने राज भवन में भेंट की।